दिनांक 20.05.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

## मतदान □ांचवा चरण

लोकसभा चुनाव के □ांचवें चरण में छह राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों के 49 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान जारी है। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। दो□हर 1 बजे तक करीब 37 फीसदी मतदान हुआ था. इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में भाज□ा नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, □ीयूष गोयल, स्मृति ईरानी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, नैशनल कांफ्रेस के उमर अबदुल्ला और लोक जनशक्ति □ार्टी के चिराग □ासवान शामिल हैं।

उधर,लोकसभा चुनाव के शेष दो चरणों के लिए प्रचार चरम □र है। विभिन्न राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। छठे चरण में शनिवार को और सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी।

---------------------------------------------

## तीन नए कानून-याचिका

सुप्रीम कोर्ट ने आईॅ□ीसी, सीआर□ीसी और एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए आ□राधिक कानूनों के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका □र सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि ये याचिका ठीक नहीं है, इसे खारिज की जा सकती है। याचिकाकर्ता विशाल तिवारी ने कहा कि ऐसे में उन्हें याचिका वा□स लेने की इजाजत दी जाय। जनहित याचिका में कहा गया था कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में कई विसंगतियां हैं। तीनों आ□राधिक कानून बिना किसी संसदीय बहस के □ारित किए गए । इसके अलावा, यह दावा किया गया कि तीन कानूनों का टाइटल ठीक नहीं है ।

---------------------------------------------

## मप्र नेता प्रचार

प्रदेश में चुनाव के बाद यहां के नेताओं की दूसरे राज्यों में मांग बढ़ गई है। भाज□ा की ओर से मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, □ूर्व मुख्यमंत्री

शिवराज सिंह चौहान और कांग्रेस की ओर से □ूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह दूसरे राज्यों के सबसे ज्यादा दौरे कर रहे हैं।

राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के बाद कई नेताओं की दूसरे राज्यों में ड्यूटी लगाई गई है। राज्य के नेताओं को उत्तर प्रदेश, दिल्ली, ओडिशा और बिहार भेजा गया है। जिन नेताओं की ड्यूटी लगाई गई है वो अ□नी-अ□नी जिम्मेदारी वाले क्षेत्रों में सक्रिय रहकर □ार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार अभियान में लगे हुए हैं।

दोनों ही दल भाज□ा और कांग्रेस की ओर से राज्य के नेता दूसरे राज्यों में डेरा डाले हुए हैं।

---------------------------------------------

## भारतीय अन्तरिक्ष □र्यटक

उद्यमी और □ायलट गो□ी तोटाकुरा अंतरिक्ष में जाने वाले □हले भारतीय □र्यटक बन गए हैं। उन्हें अमेज़ॅन के संस्था□क जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन के एनएस -25 मिशन के लिए छह सदस्यों के चालक दल में चुना गया था। वे 1984 में सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय चालक बन गए हैं। ब्लू ओरिजिन की सातवीं मानव उड़ान, एनएस -25, आज सुबह □श्चिमी टेक्सास में लॉन्च साइट वन से लॉन्च की गई।

---------------------------------------------

## मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। राजधानी भो□ाल सहित प्रदेश के कई शहरों में रिकार्ड तोड़ गर्मी □ड़ रही है। हालांकि, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से प्रदेश में कुछ हिस्सों में तेज बारिश भी हो रही है। रविवार को दतिया में ता□मान रिकॉर्ड 47.5 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि शाजा□ुर, छिंदवाड़ा में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों तक प्रदेश के आधे हिस्से में भीषण गर्मी □ड़ने का अलर्ट जारी किया है। आज छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और □ांढुर्णा में आंधी-बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग ने लू का अलर्ट भी जारी किया है।

---------------------------------------------

फ्रेंच ओपन

फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट आज पेरिस में शुरू होगा। साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम में भारत के सुमित नागल ने पुरुष सिंगल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की कर ली है। 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन के बाद फ्रेंच ओपन के सिंगल्स मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने वाले वे पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं।

-----------------------------------------------

अब कुछ समाचार संक्षेप में....

1. बैतूल में ताप्ती बैराज में लगी मोटर के खराब होने और उसके बाद वाल्व में आई खराबी की वजह से जलसंकट थमने का नाम नहीं ले रहा है।

2. हिंदी साहित्य की दुनिया में अपनी एक अलग और अनोखी छाप छोड़ने वाले कवि सुमित्रानंदन पंत की आज जयंती है । इस अवसर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उन्हें नमन किया है। और

3. राज्य स्तरीय वाटर स्पोर्ट्स अकादमी में चयन के लिए आगर मालवा जिले के खिलाड़ियों को ट्रायल कल बस स्टेण्ड के पास स्थित इंडोर हॉल स्टेडियम परिसर में होगा।

-----------------------------------------------